न्यायालय प्रथम अपील अधिकारी (कलक्टर) झालावाड़ (राज0)
पीठासीन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित, आई0ए0एस0

मि0न0 08 / अपील (आर0टी0आई) / 2022

लोकेश नागर आ0 नन्दकिशोर, ग्राम पोस्ट हरिगढ तहसील खानपुर
बनाम
लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार उप तहसील सारोलाकलां

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

–:: निर्णय ::– दिनांकः 22.02.2022

अपीलान्ट द्वारा यह अपील अपीलान्ट को लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराई जाने पर प्रस्तुत की गई है।

अपीलान्ट ने अपील मेमों में निवेदन किया कि अपीलान्ट ने 1. ग्राम मालनवासा उप तहसील सारोलाकलां की आराजी ख0न0 937,970,971 पर वर्ष 1970 से लेकर 12.11.2021 के मध्य स्वीकृत करवाये गये विरासत नामान्तरकरण के सम्बन्ध मे सारणी बाईज जानकारी ।02. ग्राम मालनवासा की आराजी ख0न0 937,970,971 पर खातेदार कोशल्या बाई पुत्री भेरिया विशनी बाई पत्नी भैरिया जिसका अ0वि0वि0नामान्तरण सख्यां 1545 का फोती इन्तकाल स्वीकृत करवाने बाबत प्रस्तुत दस्तावेज आदि की प्रमाणित प्रति साथ इस दौरान कार्यरत पटवारी का नाम पिता सहित पता का विवरण ।03. ग्राम मालनवासा की आराजी ख0न0 937,970,971 पर खातेदार लछमन पुत्र मोत्या के वारिसान व अन्य खातेदार नारायण के वारिसान द्वारा नामान्तरण स्वीकृत करवाने बावत प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां। 04. (अ)उक्तानुसार आराजी पर इस दौरान नामान्तरण या अन्य वाद दर्ज करवाने बाबत किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का वाद दायर किया हो या नही किया गया हो तो इसकी सूचना व फैसले की प्रतिया। 05. उक्तानुसार ग्राम मालनवासा की आराजी ख0न0 937,970,971 पर दर्ज खातेदारों की जाति मोंगिया(मोग्या) राजस्थान राज्य की सूची के अनुसार जिस वर्ग / श्रेणी में आति है उसकी जानकारी व समपूर्ण लिस्ट की प्रति । 06. उपतहसील सारोलाकंला के खुलने से दिनांक 12.11.2021 तक नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थापित रहे अधिकारी का नाम पिता का नाम शेक्षणिक योग्यता वर्तमान के नियुक्ति स्थान का विवरण। 07. उपतहसील सारोलाकला के खुलने से दिनांक 12.11.2021 तक पटवारी के पद पर पदस्थापित रहे पटवारी का नाम, पिता का नाम शेक्षणिक योग्यता वर्तमान के नियुक्ति स्थान का विवरण। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार तहसील खानपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नही कराने पर अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर लोक सूचना अधिकारी नायब तहसीलदार उप तहसील सारोलाकंला को नोटिस भिजवाया जाकर आवेदन पत्र पर विधिवत विनिश्चय करते हुए अपीलार्थी को सूचित कर प्रति पेश करने हेतु निर्देशित किया गया व इसी तरह अपीलान्ट को भी दिनांक 22.02.2022 सुनवाई की दिनांक निश्चित कर उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया। अपीलान्ट बावजूद सूचना उपस्थित नही होने पर उनका पक्ष नही सुना जा सका।

लोक सूचना अधिकारी प्रत्यर्थी नायब तहसीलदार उप तहसील सारोलाकला की और से नायब तहसीलदार खानपुर को भिजवाया जाकर पत्रांक 70 / एलआर / 22 दिनांक 22.02.2022 द्वारा अवगत कराया गया कि अपीलान्ट द्वारा चाहे गये 01. पैशानी अनुसार सूचना तैयार की गई है व अन्य जानकारी व्यक्तिगत हैं व उपखण्ड कार्यालय से सम्बन्धित होना अवगत कराया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत नायब तहसीलदार उपतहसील सारोलाकला से चाहा गया रेकार्ड संधारण उपरान्त ही उपलब्ध कराया जा सकता है जो उनके द्वारा पूर्व से संधारित नही किया जाना साबित है। प्रशासनिक सुधार विभाग सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना सृजित करना या सूचना की व्याख्या करना या आवेदक द्वारा उठायी गई समस्याओ का समाधान करना या काल्पनिक प्रश्नो के उत्तर देना अपेक्षित नही है। सूचना का सृजन करना अधिनियम के कार्य क्षेत्र से बाहर हैं। इसी प्रकार माननीय केन्द्रीय सूचना आयोग का प्रकरण संख्या सी0आई0सी0 / ए0टी0ए0 / 2006 / 000588 विभोर दिलिप बरला बनाम केन्द्रीय एक्साईज एंव कस्टमस् नासिक में दिनांक 30.11.2006 को पारित निर्णय अनुसार भी लोक सूचना अधिकारी का यह कार्य नही है कि वह जांच या अनुसंधान प्रारम्भ करें या प्रार्थी के प्रश्नो के सुझावात्मक उत्तर तैयार करें। पी0आई0ओ0 केवल उपलब्ध सूचना को प्रकट करने के लिये बाध्य है। ऐसी स्थिति में अपील के माध्यम से अपीलार्थी को कोई राहत प्रदान नही की जा सकती है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांकः 22.02.2022 को मेरे द्वारा टंकित करवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. भारती दीक्षित)
जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
प्रथम अपील अधिकारी
जिला कलक्टर, झालावाड

क्रमांकः 111-13 / रीडर / 22 दिनांक 3.3.2022

प्रतिलिपीः– 01.प्रभारी अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम,कलक्ट्रेट,झालावाड
02.लोक सूचना अधिकारी, नायब तहसीलदार सारोलाकंला,तहसील,खानपुर
03.लोकेश नागर आ0 नन्दकिशोर, ग्राम पोस्ट हरिगढ तहसील खानपुर

प्रथम अपील अधिकारी
जिला कलक्टर,झालावाड